सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 229 | इंदौर, गुरुवार 05 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

सीएम मोहन यादव का बड़ा कदम

# खाड़ी देशों में रह रहे मप्र के निवासियों के लिए नई दिल्ली में कंट्रोल रूम बनाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। खाड़ी देशों में रह रहे मध्यप्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो आपात या विशेष परिस्थितियों में प्रदेशवासियों को त्वरित सहयोग प्रदान करेगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश के नागरिक रोजगार और व्यवसाय के सिलसिले में रह रहे हैं। हाल के समय में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए यह पहल की है। कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रवासी नागरिक सीधे अपनी समस्या दर्ज करा सकेंगे। राज्य सरकार भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक मदद उपलब्ध कराएगी।

कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 011-26772005, व्हाट्सएप नंबर 9818963273 तथा ई-मेल आईडी mphelpdeskgulf@gmail.com जारी की गई है। इन माध्यमों से कोई भी मध्यप्रदेश निवासी या उनके परिजन संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम में प्रशिक्षित अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो 24 घंटे सहायता उपलब्ध कराएंगे। राज्य सरकार का कहना है कि प्रदेश के प्रवासी नागरिकों की सुरक्षा और हितों की रक्षा उसकी प्राथमिकता है। इससे पहले भी विभिन्न आपात स्थितियों में राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के साथ समन्वय कर प्रवासियों की मदद की है। नई व्यवस्था से खाड़ी देशों में रह रहे मध्यप्रदेशवासियों को भरोसेमंद और त्वरित सहायता मिल सकेगी।

1. West Asia Crisis: 'जंग में हिस्सा लेने से नहीं कर सकते इनकार', कनाडा के पीएम मार्क कार्नी का बड़ा बयान
2. White House: ऑपरेशन एपिक फ्यूरी ने तोड़ी तेहरान की कमर! US का दावा- ईरान के 2000 से अधिक ठिकानों को किया तबाह

# इजराइल का फिलिस्तीनी रिफ्यूजी कैंप पर हमला

## ईरान की धमकी- इजराइली न्यूक्लियर सेंटर को निशाना बना सकते हैं

**तेल अवीव/तेहरान, (एजेंसी) अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। इस बीच इजराइल ने लेबनान के त्रिपोली शहर में स्थित फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप पर हमला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला बेद्दावी रिफ्यूजी कैंप में हुआ, जो उत्तरी लेबनान का सबसे बड़ा फिलिस्तीनी शरणार्थी कैंप माना जाता है।**



इस बीच ईरान ने इजराइल को कड़ी चेतावनी दी है। एक ईरानी सैन्य अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका और इजराइल, ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश करते हैं, तो ईरान इजराइल के डिमोना न्यूक्लियर सेंटर को निशाना बना सकता है। ईरानी न्यूज एजेंसी ISNA के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि ऐसी किसी भी कार्रवाई की स्थिति में दक्षिणी इजराइल में स्थित इस परमाणु केंद्र पर हमला किया जा सकता है। ईरान के खिलाफ हमले के 100 घंटे पूरे होने पर अमेरिका ने वीडियो जारी किया

### अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरान युद्धपोत पर हमला किया

1. अमेरिका ने बुधवार को भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत IRIS देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। यह जानकारी श्रीलंकाई सरकार ने दी है।
2. अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बताया कि हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी जहाज को टॉरपीडो से निशाना बनाकर डुबा दिया। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है।
3. जहाज पर लगभग 180 नौसैनिक सवार थे। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यह ईरानी युद्धपोत पिछले महीने भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लेकर लौट रहा था।
4. श्रीलंकाई अधिकारियों ने अल जजीरा को बताया कि बुधवार सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच (भारतीय समय के मुताबिक) मदद के लिए मैसेज भेजा। यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था।

# रंगपंचमी पर इंदौर की गेर देखने छतें होंगी बुक, टिकट से मिलेगा रंगों का नजारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (मप्र)

**इंदौर। इंदौर की रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर शहर का एक अनोखा और खास त्योहार है। इस दिन पुराने शहर के इलाकों में रंगों के शौकीन बड़ी संख्या में गेर में शामिल होते हैं और रास्ते में खड़े लोगों पर रंग बरसाते हुए आगे बढ़ते हैं।**



गेर के दौरान आसमान में दूर-दूर तक रंगों के बादल छा जाते हैं। इन खूबसूरत नजारों का आनंद लेने के लिए इस बार भी शहर के लोग गेर वाले मार्गों पर स्थित मकानों की छतें बुक कर सकेंगे और अपने परिवार के साथ इस आयोजन का मजा ले पाएंगे। प्रशासन ने पिछले साल भी यह व्यवस्था की थी, जो काफी सफल रही थी। शीतला माता बाजार से लेकर गौराकुंड और खजूरी मार्केट तक की छतों से लोग गेर की रौनक देख सकेंगे। हर साल इस आयोजन को देखने के लिए दूसरे शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग इंदौर पहुंचते हैं। जिनके घर गेर के मार्ग पर पड़ते हैं, वहां अब छोटी-छोटी पार्टियों का भी आयोजन होने लगा है, जहां लोग अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को बुलाकर रंगपंचमी का उत्सव मनाते हैं। इस साल गेर के मार्ग पर स्थित आठ छतों पर 200 से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। इनकी बुकिंग बुक माय शो के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए लोगों को टिकट खरीदना होगा।

इस बार 8 मार्च को रविवार होने के कारण प्रशासन ने अलग से छुट्टी घोषित नहीं की है। रविवार होने की वजह से इस बार गेर में और अधिक भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। करीब चार किलोमीटर लंबे गेर मार्ग पर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिजली के तार और केबल हटाए जा रहे हैं, साथ ही सड़कों की मरम्मत का काम भी किया जा रहा है।

परंपरा के अनुसार इस बार भी चार गेर इस जुलूस का हिस्सा होंगी। लगभग 100 फीट तक रंग फेंकने वाली विशेष रंग मिसाइलें भी तैयार की जा रही हैं। इसके अलावा डीजे और भजन मंडलियां भी गेर में शामिल होंगी। नगर निगम की गेर भी इस जुलूस का हिस्सा रहेगी, हालांकि शहर में हाल ही में हुई कुछ घटनाओं के कारण मेयर पुष्यमित्र भार्गव इस बार गेर में शामिल नहीं होंगे।

# सांसद लालवानी मिले केंद्रीय मंत्री से, 100 करोड़ की मंजूरी, जियोग्रिड तकनीक से मजबूत बनेगी सड़क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की लाइफलाइन इंदौर बायपास को अब 100 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक तकनीक से नवीनीकृत किया जाएगा। सांसद शंकर लालवानी की केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हालिया मुलाकात सार्थक साबित हुई है। इस फंडिंग से बायपास की खराब सतह को जियोग्रिड तकनीक से मजबूत बनाया जाएगा, जो दोपहिया वाहन चालकों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी।**



23 साल पुराने इंदौर बायपास पर अब व्यापक कारपेंटिंग का काम शुरू होगा। सांसद लालवानी ने मुलाकात के दौरान मंत्री गडकरी को बताया कि सड़क की सतह कई जगहों पर उखड़ चुकी हैं, जिससे गड्ढों का जाल बिछ गया है। खासकर दोपहिया वाहनों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो रही है। बाइक स्लिप होने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होने वाली इस सड़क पर सुरक्षा चिंता का विषय बनी हुई थी। मंत्री गडकरी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने इंदौर बायपास और आसपास के राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति की समीक्षा की तथा 100 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की। इस फंड से री-लेयरिंग का कार्य शीघ्र शुरू होगा।

### जियोग्रिड तकनीक से बनेगी मजबूत लेयर

कारपेंटिंग में अत्याधुनिक जियोग्रिड तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा, जो सड़क की उम्र और मजबूती को दोगुना कर देगी। इस तकनीक के तहत सबसे पहले नीचे जियोग्रिड की मजबूत लेयर बिछाई जाएगी, जो मिट्टी और सड़क के बीच स्थिरता प्रदान करेगी। (नोटः यह 'कांच की लेयर' नहीं, बल्कि सिंथेटिक जियोमटेरियल की मजबूत परत होगी, जो दरारें और उखड़न को रोकेगी।) इसके ऊपर डामरीकरण किया जाएगा, जिससे सतह चिकनी और टिकाऊ बनेगी।

### बायपास पर सफर सुरक्षित और सुगम होगा

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्री नितिन गडकरी का यह निर्णय इंदौरवासियों के लिए वरदान साबित होगा। केंद्र सरकार की बदौलत हमारी यातायात व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। दोपहिया चालकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अब बायपास पर सफर सुरक्षित और सुगम होगा।

# होली पर पुलिस का सख्त पहरा राजवाड़ा समेत पूरे शहर में सघन चेकिंग

## हुड़दंगियों पर कसी नकेल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रंगों के त्योहार होली पर इंदौर की सड़कों पर पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया। शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंगियों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई। राजवाड़ा जैसे प्रमुख क्षेत्रों से लेकर गली-मोहल्लों तक भारी पुलिस बल तैनात रहा, जहाँ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही सख्त कार्रवाई की गई।**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने खुद शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से राजवाड़ा और उसके आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए ड्रोन कैमरों का सहारा लिया, जिससे भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर पल-पल की नजर रखी गई।

### तीन सवारी और नशेड़ियों पर चला पुलिस का डंडा

शहर में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर वाहनों की चेकिंग की गई. पुलिस की टीमें उन वाहन चालकों पर विशेष नजर रख रही थीं जो नशे की हालत में गाड़ी चला रहे थे. तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भरने वाले चालकों की न केवल चालानी कार्रवाई की गई, बल्कि कई जगह पुलिस ने उनकी गाड़ियों की हवा भी निकाल दी. मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक प्रहरी और पुलिस के आला अधिकारी मैदान में डटे रहे. लोगों तक शांति और भाईचारे का संदेश पहुँचाने के लिए पुलिस ने अनोखा तरीका अपनाया. पुलिस की आवाज हर नागरिक तक स्पष्ट पहुँचे, इसके लिए डीजे की गाड़ियों की मदद ली गई. अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को सुरक्षित होली खेलने, हुड़दंग न करने और संदिग्धों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई.

# खूब मनी रंगों की होली, बच्चों और महिलाओं ने जमकर खेला रंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर में रंगों के पर्व होली का उल्लास पूरे दिन देखने को मिला। सुबह से ही मोहल्लों, कॉलोनियों और चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल उड़ने लगे। बच्चों और महिलाओं ने जमकर एक-दूसरे को रंग लगाया और खुशियों के इस त्योहार को पूरे उत्साह के साथ मनाया। हर चेहरा रंगों में सराबोर नजर आया। कहीं पिचकारियों की बौछार थी तो कहीं गुलाल की खुशबू। ढोल और डीजे की धुन पर युवाओं ने डांस किया, वहीं महिलाओं ने भी समूह में पारंपरिक गीतों पर थिरकते हुए उत्सव का आनंद लिया।



## 83 वर्षीय महिला की देह दान

# नेत्र, त्वचा भी दान कर दी मानवता की सीख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 83 वर्षीय वृद्धा के निधन के बाद उनके लिए गए संकल्प को पूरा करते हुए परिजन ने उनकी देह दान की है। इसी कड़ी में उनकी आंखें और त्वचा भी दान की है जिससे दूसरे लोगों की अंधियारी जिंदगी में उजियारा होगा।**



मंगला सहाने

मंगला सहाने (83) निवासी टेलीफोन नगर के निधन बाद परिवार ने यह फर्ज अदा किया। वह धार्मिक प्रवृत्ति की थी और कुछ दिनों से बीमार थी। दुख की इस घड़ी में परिजनों ने अंग और देहदान कर समाज के समक्ष परोपकार का अनुकरणीय संदेश दिया है। उनके दामाद डॉ. प्रमोद बंसोड़ ने बताया कि स्व. मंगला ने जीवित रहते हुए जनवरी 2023 में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में देहदान का संकल्प पत्र भरकर रजिस्ट्रेशन कराया था। उनके निधन के बाद बेटी जयश्री और दामाद डॉ. प्रमोद बंसोड़ (संयोजक, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, वीर सावरकर मंडल) ने उनके संकल्प को जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण किया। नेत्र दान एमके इंटरनेशनल आई बैंक में, त्वचा दान चोइथराम स्किन बैंक में और देह दान की प्रक्रिया एमजीएम मेडिकल कॉलेज में हुई। उनके निवास पर आयोजित अंतिम विदाई के दौरान मध्य प्रदेश शासन की ओर से सम्मान स्वरूप पुलिस द्वारा "गार्ड ऑफ ऑनर"दिया गया। इस अवसर पर भोपाल के सरकारी मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन डॉ. सलिल भार्गव और मुस्कान ग्रुप के सेवादार संदीपन आर्य और जीतू बगानी ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंग और देहदान की प्रक्रिया की जानकारी साझा की। तकनीकी सेवाएं गोपाल सिरोके और जयवंत निकम की टीम द्वारा प्रदान की गईं। परिजनों ने बताया कि दिवंगत के नेत्रों से दृष्टिहीनों को नई रोशनी मिलेगी, त्वचा जले हुए मरीजों के उपचार में सहायक होगी और उनका शरीर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स के लिए एनाटॉमी के अध्ययन में अमूल्य योगदान देगा।

# नकाबपोश बदमाशों का शादी गार्डन पर धावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के पॉश इलाके विजयनगर चौराहा के पास स्थित ग्रैंड ओमनी गार्डन में मंगलवार को नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने गार्डन के ऑफिस में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और वहां काम कर रहे कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। विजयनगर पुलिस थाना के मुताबिक राधेसिंह की शिकायत पर मंगलवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। राधेसिंह ने बताया कि वे गार्डन में डेकोरेशन का काम कर रहे थे, तभी 4-5 युवक चेहरे पर नकाब और रूमाल बांधकर पहुंचे। उनके हाथ में लोहे की टॉमी, डंडे और अन्य सामान था। आरोपियों ने आते ही कहा गार्डन बहुत चलता है बहुत पैसे कमाते हो इसके बाद उन्होंने ऑफिस की खिड़कियों और दरवाजों के कांच फोड़ दिए। एलईडी, मेज, कुर्सियां और एसी में भी तोड़फोड़ की। विरोध करने पर कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। हमले के दौरान कर्मचारी जान बचाकर वहां से भागा और छिपकर गार्डन मैनेजर नीरज सचदेवा को घटना की जानकारी दी। बाद में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की है। ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। हालांकि गार्डन के मैनेजर नीरज ने इस मामले में बात करने से इंकार कर दिया।

# केंद्रीय जेल इंदौर में धुलेंडी का उल्लास बंदियों संग मनाया गया रंगोत्सव

## कराया अपनों जैसा अहसास, कैदी हुए विभोर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के सेंट्रल जेल में इस बार होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि उम्मीद और मानवीय संवेदनाओं का उत्सव बन गई। कैदियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें सामाजिक जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में रंगों के साथ भावनाओं की भी गहरी छटा बिखरी। जेल परिसर में पहली बार ऐसा माहौल देखने को मिला, जब बंदी कुछ देर के लिए मुक्त होकर भगोरिया नृत्य की ताल पर झूम उठे और राधा-कृष्ण की मनोहारी प्रस्तुति के जरिए प्रेम, क्षमा और पुनर्संस्कार का संदेश देते दिखाई दिए।**

### ● राजवाड़ा पर उमड़ा हुजूम, फिल्मी गानों पर डांस

इंदौर में होली का पारंपरिक उल्लास पूरे वैभव के साथ नजर आ रहा है। शहर में रंग, गुलाल और लोक परंपराओं की धूम है। सबसे अधिक उत्साह राजवाड़ा पर देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में लोग होली मनाने पहुंचे। यहां युवाओं ने फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। वहीं, इंदौर सेंट्रल जेल में भी होली का त्योहार उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। यहां बंदियों ने आपसी भाईचारे के साथ रंगोत्सव मनाकर सकारात्मक संदेश दिया।

### जेल डीजी वरुण कपूर पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे

कार्यक्रम में जेल डीजी वरुण कपूर पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे,जहां उन्होंने कैदियों पर जमकर रंग और गुलाल बरसाया। कैदियों को इस रूप में देखकर उन्होंने कहा कि जेल सज़ा की जगह ही नहीं, बल्कि जीवन को दोबारा संवारने की प्रयोगशाला है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी जेलों में होली को उत्सव की तरह मनाया जाएगा ताकि बंदियों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो।

उन्होंने कहा कि प्रशासन सिर्फ कानून लागू नहीं कर रहा, बल्कि कैदियों की दिनचर्या में बदलाव करने की भी कोशिश कर रहा है। डीजी कपूर ने यह भी बताया कि नवाचार के रूप में प्रदेश भर की जेलों में बंद महिला कैदियों को खुली जेल में रखने का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री और जेल विभाग मंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही इसे लागू किया जाएगा। यह पहल उन महिलाओं के लिए नई रोशनी साबित हो सकती है, जिनके जीवन में आज भी सुधार और नई शुरुआत की संभावना बाकी है।

### ● महिलाओं से मारपीट के दो मामले

# भाई को बचाने पहुंची युवती बनी शिकार; पति ने पत्नी को पीटा, घर से निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई कि पूर्व विवाद के चलते आरोपी उसके भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। भाई की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज की और मारपीट की। युवती ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसके कपड़े भी खींचे गए।**

पुलिस ने शांतिनगर निवासी युवती की शिकायत पर संदीप पाटीदार और गणपति पाटीदार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। युवती के अनुसार, उसकी मां जब बीच-बचाव के लिए पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें भी धक्का दे दिया। घटना के बाद पीड़िता अपने भाई के साथ थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कपड़ों को लेकर विवाद, आर्टिस्ट पत्नी से मारपीट

दूसरा मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। छोटा बागड़दा निवासी रंजना नाम की महिला, जो पेशे से आर्टिस्ट हैं, ने अपने पति कमलेश नामदेव पर मारपीट का आरोप लगाया है। शिकायत के मुताबिक, वह घर पर बेटे के साथ थीं, तभी पति ने कपड़ों को लेकर आपत्ति जताते हुए अपशब्द कहे और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पति ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया और बाहर भी मारपीट की। बेटे ने बचाव किया तो उसे भी पीटा गया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

# पाइप के विवाद पर हवाई फायरिंग

### ● आदिवासी युवक को जातिसूचक शब्द कहे, कई धाराओं में केस दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम हिगोनिया में पाइप को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने पहले जातिसूचक गालियां दीं और फिर दो नाली बंदूक से हवाई फायर कर दहशत फैला दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक फरियादी शांतिलाल बामनिया (40), निवासी जेडएम स्कूल के पास, ग्राम हिगोनिया, 2 मार्च की शाम 6:30 बजे अपने घर के सामने बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही बलराम बैरागी वहां पहुंचे। शांतिलाल ने बलराम से पूछा कि उनका पाइप यदि उन्होंने लिया है तो उसे वापस कर दें। इस बात पर बलराम भड़क गया और अपशब्द कहते हुए जातिसूचक टिप्पणी की। इसके बाद वह वहां से चला गया।

### ● कुछ देर बाद बंदूक लेकर लौटा

शांतिलाल ने पुलिस को बताया कि थोड़ी देर बाद आरोपी दो नाली बंदूक लेकर वापस आया। बंदूक दिखाकर धमकाया। शांतिलाल डर के चलते वहां से भागने लगे। इस दौरान पीछे से बलराम ने हवाई फायर कर दिया। फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई। हालांकि इस घटना में कोई घायल नही हुआ। थाना कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ (BNS) 2023 की धारा 296, 351(2), 125 के साथ ही एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(द) और 3(1)(ध) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बलराम की तलाश की जा रही है। वही उसकी बदूंक का लायसेंस भी चेक किया जाएगा।

# पानी भरे गड्ढे में गिरने से डेढ़ साल की मासूम की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खुडैल थाना क्षेत्र के तिल्लोर गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया. घर के पास खेत में खेल रही डेढ़ साल की बच्ची पानी से भरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई. परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस के मुताबिक 18 माह की रजनी पिता संदीप घर के पास खेत की ओर खेलते-खेलते चली गई थी. खेत में पानी भराव के लिए एक गड्ढा खोदा गया है, इसी गड्ढे में वह औंधे मुंह गड्ढे में जा गिरी. बताया जा रहा है कि करीब बीस मिनट तक बच्ची पानी में पड़ी रही. जब दादी ने उसे आसपास नहीं देखा तो तलाश शुरू की.



खोजबीन के दौरान वह गड्ढे में मिली. परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल भेजा. वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि हादसे के समय बच्ची की मां घर में खाना बना रही थी, जबकि दादी पास ही काम में व्यस्त थीं. उन्हें लगा कि बच्ची घर के भीतर ही है. रजनी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी. उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं. अस्पताल में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना किया, लेकिन मामला पुलिस प्रकरण होने के चलते शव को मर्चुरी में रखवाया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में चल रही चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को धारदार चाकू के साथ पकड़ा है. मामला उस समय सामने आया जब क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही थी।**

थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने बताया कि चेकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध स्थिति में घूमता मिला. तलाशी लेने पर उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ. प्रारंभिक पूछताछ में युवक चाकू रखने के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका. गुप्ता का कहना है कि युवक किसी वारदात की तैयारी में हो सकता था, हालांकि इस संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सव: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में सभी को दीं मंगलकामनाएं

● ब्रज, बरसाने और होली गीतों के साथ मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सराबोर हुआ वातावरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को उत्साह, उमंग और समरसता के पावन पर्व होली की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरे और समाज में सद्भाव-सकारात्मकता और एकता का रंग सदा चटक रहे यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होली पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे नागरिकों के साथ होली की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया तथा सभी आगंतुकों पर पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गुलाल लगाया और पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ उनके सुर में सुर भी मिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री निवास पधारे राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, वरिष्ठ सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई, श्री मनु श्रीवास्तव, श्री शिवशेखर शुक्ला , प्रमुख सचिव श्री उमाकांत उमराव , सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह, खाटू श्याम मंदिर भोपाल के प्रमुख प्रचारक पूज्य अनिल आनंद महाराज सहित कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार गण और वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगल कामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में उड़ते रंग गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच, ब्रज-बरसाने के होली गीतों, पारंपरिक संगीत और मयूर नृत्य के साथ उल्लास और उमंग से सराबोर वातावरण में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेलें रघुवीरा, आज ब्रज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर्व पर आयोजित मिलन समारोह में सभी को गुजिया, बालूशाही, ठंडाई सहित कई परंपरागत व्यंजन परोसे गए।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपरीत परिस्थितियों में समाधान की राह निकाली है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्य पूर्व एशिया में युद्ध की स्थिति में मध्यप्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्थाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य पूर्व एशिया खाड़ी युद्ध की स्थिति पर मध्य प्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन इस बारे में संवेदनशील है। गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन और नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय मध्य प्रदेश भवन की टीम तैनात है। सीएम हेल्पलाइन 181 नंबर पर परिजन से प्राप्त हो रही सूचनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। सभी का पंजीयन और रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है। भारत शासन के विदेश मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश बुलवाने की व्यवस्था की गई है। इस अवधि में नागरिकों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्थाओं की चिंता की जा रही है। परिजनों से भी संवाद स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नई दिल्ली में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 011-26772005, व्हाट्सऐप नम्बर - 9818963273 और ईमेल आईडी - mphelpdesk-gulf@gmail.com है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में भारत सरकार ने पूर्व में भी ऐसी विपरीत परिस्थितियों में समाधान की राह निकाली है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह भी संपूर्ण स्थिति पर नजर रखते हुए समीक्षा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय सहित सभी संबंधित मंत्रालय भी गतिशील हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार मध्य पूर्व एशिया में युद्ध की परिस्थितियों के संबंध में पूर्ण सजग और संवेदनशील है। मध्यप्रदेश सरकार के प्रयासों के अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। लगभग 50 परिवारों द्वारा पंजीयन करवाया गया है। मेरा यही अनुरोध है कि सीएम हेल्पलाइन एवं नई दिल्ली स्थित कंट्रोल रूम पर नागरिक संपर्क कर सकते हैं। यह चुनौती अवश्य है लेकिन कठिन कार्य नहीं है। इस चुनौती का हम समुचित ढंग से सामना कर हल निकल रहे हैं। कृपया इस व्यवस्था पर विश्वास बनाए रखें और अपनी कठिनाइयों के लिए हेल्पलाइन पर अवगत करवाने का कष्ट करें और अपना जीवन सुरक्षित करें। सेफ रहें और एक रहें।

# नौ बाघ शिकार मामलों में एसटीएफ ने वन विभाग से मांगी विस्तृत रिपोर्ट, 14 माह में 66 मौतें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में 9 बाघों के शिकार और अव्यव तस्करी से जुड़े मामलों की जांच और मॉनीटरिंग तेज हो गई है। राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने इन सभी प्रकरणों में अब तक की कार्रवाई, गिरफ्तारियों और वर्तमान स्थिति को लेकर वन विभाग से विस्तृत जानकारी मांगी है। बता दें कि मध्य प्रदेश पुलिस की एसटीएफ के एडीजी 'टाइगर सेल' के अध्यक्ष भी होते हैं। ऐसे में इन मामलों की मॉनिटरिंग और जांच में तेजी लाने की दिशा में इस कदम को अहम माना जा रहा है। बता दें अब तक पिछले 14 माह में बाघों की 66 मौत हो चुकी हैं।



### 9 मामलों में पांच शिकार, 3 अव्यव तस्करी से जुड़े

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कुल 9 मामलों में से पांच बाघों की मौत शिकार या फंदे में फंसने से हुई, जबकि तीन मामले बाघों के अव्यवों की तस्करी से संबंधित हैं। एक अन्य मामले की जांच अलग पहलुओं से की जा रही है। वर्ष 2023 में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के एक परिक्षेत्र में नर बाघ का शिकार और सिवनी वन मंडल के कुरई क्षेत्र में बाघ के शिकार की घटना की जानकारी मांगी गई। वहीं, वर्ष 2024 में बालाघाट के लामटा परियोजना मंडल के पारासिवनी बीट में नर बाघ का शिकार। नर्मदापुरम के बानापुरा परिक्षेत्र में नर बाघ के शिकार का मामला। साथ ही वर्ष 2025 में बैतूल जिले के सुखतवा परिक्षेत्र की बांसनिया बीट (बग्राम गडचापंडा क्षेत्र) में नर बाघ का शिकार। इसी वर्ष सामने आए अधिकतर मामले बालाघाट वन वृत्त से जुड़े हैं, जहां बाघों के अव्यवों की तस्करी के तीन प्रकरण दर्ज किए गए।

### निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

वन्यजीव कार्यकर्ता अजय दुबे ने कहा कि वन्य प्राणी के शिकार के प्रकरण में कहीं ना कहीं विवेचना और जांच में सख्त कार्रवाई की कमी रहती थी। ऐसे मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसलिए मध्य प्रदेश की एसटीएफ को दखल दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे मामलों पर सख्ती से अंकुश नहीं लगाया गया तो बाघ संरक्षण के प्रयासों को गंभीर झटका लग सकता है। उन्होंने सख्त निगरानी, तकनीकी संसाधनों के उपयोग और पुलिस-वन विभाग के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही इसमें अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात कही है।

### 2025 में 55 और दो माह में 11 मौत

मध्य प्रदेश बाघों की मौत और अप्राकृतिक मौत के मामले में देश में नंबर वन बना हुआ है। यहां पर वर्ष 2025 में 55 बाघों की मौत रिपोर्ट हुई थी। वहीं, वर्ष 2026 के शुरुआत दो माह में 11 बाघ की अब तक मौत हो चुकी है। इनमें शिकार के मामले में भी है। लगातार सामने आ रहे शिकार और तस्करी के मामलों ने वन विभाग की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एसटीएफ ने वन विभाग से पूछा है कि इन मामलों में अब तक क्या कार्रवाई हुई, कितनी गिरफ्तारियां हुईं और वर्तमान स्थिति क्या है।

# पन्ना में देसी नुस्खा पड़ा भारी: कमर दर्द के इलाज में पिया धतूरे का काढ़ा, मां और दो बच्चे अस्पताल में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** कहते हैं, 'नीम हकीम खतरा-ए-जान' और पन्ना जिले में यह कहावत एक बार फिर सच साबित होती नजर आई। शरीर के दर्द से राहत पाने के लिए एक परिवार ने देसी नुस्खे पर भरोसा किया, लेकिन यह घरेलू इलाज उनके लिए जहर साबित हो गया। काढ़ा पीते ही मां और उसके दो बच्चों की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद तीनों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार पन्ना शहर निवासी 45 वर्षीय सावित्री बाई पिछले कई महीनों से हाथ-पैर और कमर दर्द से परेशान थीं। दर्द से राहत पाने के लिए उन्होंने किसी परिचित की सलाह पर धतूरा और 'गरज' नामक स्थानीय जड़ी-बूटी का काढ़ा तैयार किया। दोपहर के समय सावित्री बाई ने घर पर ही यह काढ़ा बनाया और खुद पीने के साथ-साथ अपने 22 वर्षीय बेटे शिवम आदिवासी और 24 वर्षीय बेटी रेखा आदिवासी को भी पिला दिया।

काढ़ा पीने के कुछ ही देर बाद तीनों को तेज चक्कर आने लगे और उल्टियां शुरू हो गईं। धीरे-धीरे शरीर सुन्न पड़ने लगा। अचानक तबीयत बिगड़ते देख परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन तुरंत तीनों को जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद इसे फूड पॉइजनिंग का मामला मानते हुए तत्काल उपचार शुरू किया।

डॉक्टरों के अनुसार धतूरा एक जहरीला पौधा होता है और इसका सेवन बिना चिकित्सकीय सलाह के करना बेहद खतरनाक हो सकता है। इसकी थोड़ी सी मात्रा भी शरीर पर गंभीर दुष्प्रभाव डाल सकती है।

## संपादकीय

# अमेरिकी ताकत और भारत की पुरानी दूरी

अभी ईरान के आसमान में अमेरिका के कई खतरनाक लड़ाकू विमान उड़ रहे है। अमेरिकी F/A-18 सुपर हॉर्नेट न्यूक्लियर पावर वाले एयरक्राफ्ट उड़ रहे हैं; F-15E स्ट्राइक ईगल गल्फ बेस से उड़ रहे हैं; F-16 लगातार कॉम्बैट एयर डिफेंस मिशन पर हैं; F-22 रैप्टर स्टील्थ फाइटर इजरायल से अपने पहले कॉम्बैट डिप्लॉयमेंट पर हैं; B-2 स्टील्थ बॉम्बर रात में नॉन-स्टॉप मिशन पूरा करने में लगे हुए हैं। वहीं F-35 लेयर्ड एयर डिफेंस के विमान ने तो पहली बार हवा मे एक फाइटर जेट को मार गिराया। यह एक पीढ़ी में अमेरिकी लड़ाकू विमानों का सबसे बड़ा जमावड़ा है। यह एक लाइव वॉरटाइम फुल-ड्रेस रिहर्सल है। दिलचस्प बात यह है कि पिछले 20 सालों में आसमान में आप जो भी अमेरिकी लड़ाकू विमान देख रहे हैं, उनमें से लगभग हर एक कभी न कभी भारत को ऑफर किया गया। लेकिन हर बार भारत ने उन्हें खरीदने से मना कर दिया। अमेरिकी लड़ाकू विमान न खरीदने के फैसले के पीछे भी बहुत दिलचस्प वजह है। हमें थोड़ा पीछे जाकर इतिहास के पन्नों को पलटना होगा। यह बात शीत युद्ध के दौर की है। अमेरिका ने कुछ ऐसा काम किया जिसे भारत कभी भूल नहीं सकता। शीतयुद्ध के दौरान वॉशिंगटन ने पाकिस्तान को हथियार दिए। सिर्फ राइफल और टैंक नहीं, बल्कि फ्रंटलाइन फाइटर एयरक्राफ्ट भी। इनमें F-86 सेबर, F-104 स्टारफाइटर, F-86D और A-37 जैसे फाइटर जेट्स शामिल हैं। बाद में, सबसे जरूरी, F-16 फाइटिंग फाल्कन, जो अब तक बने सबसे काबिल, कॉम्बैट-प्रूवन मल्टीरोल फाइटर्स में से एक था। पाकिस्तान ने ये जेट्स उड़ाए। पाकिस्तान ने इन जेट्स से जंग लड़ी। पाकिस्तान ने इन्हें भारत के खिलाफ उड़ाया। यही वजह है कि भारत ने विमान खरीदने से मना कर दिया और फिर उसने दूसरा रास्ता पकड़ा। भारत ने सोवियत संघ यानी रूस से लड़ाकू विमान खरीदने शुरू किए। भारत ने रूस से मिग-21, मिग-23, मिग-29, सुखोई-30MKI खरीदे जो अभी भी भारतीय वायुसेना की रीढ़ है। इसके बाद भारत ने गुपचुप तरीके से ब्रिटिश-फ्रेंच जगुआर फ्रेंच मिराज 2000, ब्रिटिश हॉकर हंटर्स लिए लेकिन अमेरिका से दूरी बनाए रखी। शीतयुद्ध खत्म होने के बाद माहौल थोड़ा ठंडा हुआ।

Health is Wealth

# आज होली की भाई दूज के लिए खास मुहूर्त

## जानें किस समय करें भाई को तिलक

आज भाई दूज पर्व मनाया जा रहा है। जैसे दिवाली के बाद भाई दूज का पर्व होता है, वैसे ही यूपी, एमपी में खासतौर पर होली की भाईदूज भी मनाईजाती है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक करती हैं और उसकी उसके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। इसके बदले भाई भी बहनें को उपहार में कुछ देते हैं। इस होली की तिथि का ग्रहण के कारण समय बदला, लेकिन भाई दूज का समय आज ही पांच मार्च को हैं। फाल्गुन मास की दूज को भाई दूज का पर्व मनाया जाता है। आज उदयातिथि में दूज तिथि है।इसी दिन से बसंतोत्सव का प्रारंभ होता है। पांच मार्च को भाई दूज मनाई जाएगी। इसे भ्रातृ द्वितीया भी कहा जाता है। आपको बता दें कि इस बार होली की तरह ही भाई दूज में भी भद्रा का साया रहेगा। सुबह से भद्रा लग जाएगी, लेकिन ज्योतिषियों की मानें तो भद्रा में तिलक लगाने से कोई प्रभाव नहीं है।भद्रा पाताल लोक की है। इसलिए दोपहर में एक बजे के बाद बहनें भाई को तिलक लगा सकती हैं। कई जगहों के अनुसार तिलक का शुभ मुहूर्त दोपहर 12:09 से 12:56 बजे तक रहेगा।



### भाई दूज का क्या है शुभ मुहूर्त और भद्रा

ज्योतिषियों की मानें तो इस बार पूरे दिन भाई को तिलक लगाने का मुहूर्त है। बहनें किसी भी समय भाई को तिलक-रोली लगा सकेंगीं। आचार्य पं. राजेश तिवारी ने बताया कि बुधवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा।पांच मार्च को सुबह 4:52 से भद्रा रहेगी, लेकिन यह भद्रा पाताल लोक की है। जिसका भाई दूज पर्व पर कोई प्रभाव नहीं होगा। बहनें किसी भी समय भाई को तिलक कर सकती हैं।भाई बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर साल दो बार मनाया जाता है। पहला भाई दूज होली के बाद और दूसरा दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। होली भाई दूज के दिन के लिए शुभ उत्तम मुहूर्त सुबह 6 बजकर 42 मिनट से सुबह 8 बजकर 10 मिनट तक है। लाभ मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त दोपहर 2 बजे से दोपहर 3 बजकर 48 मिनट तक है। शुभ-उत्तम मुहूर्त शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक है।

### कब है दूज तिथि

द्रिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि चार मार्च की शाम 04:48 बजे से आरंभ होकर पांच मार्च की शाम 05:03 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से होली की भाई दूज पांच मार्च को मनाई जाएगी। आज बहनें दोपहर 01:17 से 03:31 बजे तक भाई को तिलक कर सकती हैं।

# कैसे मनाई जाती है रंग पंचमी? जानिए इस दिन क्या करें?

हिंदू धर्म में रंग पंचमी का पर्व का खास महत्व होता है। यह पर्व होली के पांच दिन बाद मनाया जाता है। वैदिक पंचांग के मुताबिक यह पर्व हर साल चैत्र माह की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की जाती है। साथ ही धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन देवी-देवता पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के साथ होली खेलते हैं। इसलिए इसे देव होली, श्री होली और देवताओं की होली भी कहा जाता है। चलिए जानते हैं कि रंग पंचमी का पर्व कैसे मनाया जाता है और इस दिन क्या करना चाहिए।

### रंग पंचमी का महत्व

हर साल रंग पंचमी का त्योहार भारत के कई हिस्सों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कुछ स्थानों पर तो रंग पंचमी का उत्सव होली के उत्सव से भी भव्य होता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी ने एक दूसरे को रंग लगाया था और ब्रजभूमि में होली खेली थी। यह पर्व मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और गुजरात में खासकर धूमधाम से मनाई जाती है। इस दिन रंगों की बौछार, गुलाल उड़ाने और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है।

### कैसे मनाएं रंग पंचमी का पर्व

रंग पंचमी के दिन कई जगहों पर गुलाल और फूलों की होली खेली जाती है। साथ ही रंग-गुलाल को आसमान की तरफ उड़ाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन हवा में रंग उड़ाने से देवता आकर्षित होते हैं और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दिन विशेष रूप से मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। मथुरा-वृंदावन, उज्जैन और इंदौर में रंग पंचमी का उत्सव बेहद भव्य तरीके से मनाया जाता है। कहा जाता है कि इस दिन देवी-देवताओं को गुलाल और अबीर अर्पित करने से कुंडली के दोष समाप्त हो जाते हैं। साथ ही जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही इस दिन धार्मिक अनुष्ठान और हवन करने से विशेष फल प्राप्त होता है।



### रंग पंचमी पूजा विधि

1. रंग पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। फिर साथ-सुथरा वस्त्र धारण करें। इसके बाद पूजा का संकल्प लें।
2. एक चौकी पर गंगाजल छिड़कें। फिर उस पर पीला या लाल कपड़ा बिछाकर लक्ष्मी-नारायण की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें।
3. भगवान को जल और पंचामृत से स्नान कराएं और भगवान को अक्षत, रोली, धूप, बाती, चंदन, फूल और फल अर्पित करें।
4. भगवान को गुड़-चना, मिश्री या खीर का भोग लगाएं।

### गुलाल और अबीर अर्पित करें

भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को गुलाल और अबीर अर्पित करें। भगवान कृष्ण और राधा रानी के मंत्रों का जाप करें। पूजा के अंत में घी का दीपक जलाकर आरती करें और सुख-समृद्धि की कामना करें।

### रंग पंचमी के उपाय

1. रंग पंचमी के दिन, एक लाल कपड़े में थोड़ी सी हल्दी और गुलाल बांधकर भगवान शिव के मंदिर में अर्पित करें। इस उपाय से विवाह के योग जल्दी बनते हैं।
2. रंग पंचमी के दिन, गरीब कन्याओं को वस्त्र और मिठाई दान करना बहुत शुभ माना जाता है। यह उपाय विवाह में आ रही बाधाओं को दूर करने में मदद करता है।
3. रंग पंचमी के दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करें और पूजा में एक पीले रंग के वस्त्र में एक सिक्का और हल्दी की एक गांठ डालकर उसे अच्छे से बांधकर उसे रख दें। फिर पूजा के बाद उस पोटली को उठाकर घर की तिजोरी में रख दें। इससे आर्थिक स्थिति सही होती है।

### विवाह में देरी के लिए उपाय

अगर विवाह में देरी हो रही है, तो इसके लिए रंग पंचमी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करें। भगवान विष्णु को पीले वस्त्र और पीले फूल अर्पित करें, और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।

Maharashtra

# 10वीं के बच्चे करते थे छोटे छात्रों से अप्राकृतिक सेक्स, सब पर पॉक्सो

**नाशिक, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के नाशिक से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां कक्षा 10 में पढ़ने वाले कई छात्रों के खिलाफ पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोप हैं कि ये छात्र अपने से भी कम उम्र के छात्रों के साथ अप्राकृतिक सेक्स करते थे। साथ ही इस अपराध को रैगिंग का नाम दिया जाता था। पुलिस ने अभिभावकों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, घटना नाशिक जिले के एक सरकारी हॉस्टल की है। आरोप हैं कि यहां कक्षा 10 के छात्रों ने कक्षा 5 और 6 के बच्चों के साथ अप्राकृतिक सेक्स किया है। मंगलवार को इस मामले में



शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद एसपी बालासाहेब पाटिल मौके पर पहुंचे और जांच की। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, 'कक्षा 10 के कई छात्र कम उम्र के छात्रों के साथ रैगिंग के नाम पर अप्राकृतिक सेक्स करते थे।

पीड़ितों के बयान के आधार पर बीते 6 से 7 महीनों से उनके साथ ऐसा काम किया जा रहा था। 22 फरवरी को उन्होंने इस मामले को हॉस्टल सुप्रीटेंडेंट सामने उठाया था।'

उन्होंने कहा, 'इसके बाद सुप्रीटेंडेंट ने कक्षा 10 के लड़कों के माता पिता से संपर्क किया और उन्हें घर लेकर जाने के लिए कहा। उन्होंने पीड़ितों के पैरेंट्स को भी बुलाया। एक पीड़ित के माता पिता ने मंगलवार को कक्षा 10 के लड़कों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।'

Uttarpradesh

## होली पर रंग डालने को लेकर बाराबंकी में बवाल... दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमले में 11 घायल

**बाराबंकी, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में होली के दिन रंग खेलने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया. इस घटना में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें दोनों पक्षों के लोग शामिल हैं. घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में कर लिया.**

एजेंसी के अनुसार, यह घटना टिकारिया गांव में हुई, जो देवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है. बुधवार की दोपहर होली के मौके पर दो पक्षों के बीच रंग खेलने को लेकर कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए.

करीब 10 मिनट तक दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों, डंडों और लोहे की रॉड से एक-दूसरे पर हमला किया गया. अचानक हुई इस हिंसक झड़प से अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग डर के कारण घरों में दुबक गए.

स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराने की कोशिश की और पुलिस को भी सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया.

ग्रामीणों के अनुसार, झड़प में एक पक्ष के आठ लोग और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं. सभी घायलों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है.

गांव के रहने वाले अवधेश ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोग उस समय उसके घर में घुस आए, जब घर में कोई पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था और उन्होंने उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की. अवधेश का कहना है कि जब वह और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा गया.

New Delhi

## दिल्ली के रिठाला में लगी भीषण आग... 50 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख, एक लड़की लापता

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के रिठाला इलाके में आज गुरुवार तड़के झुग्गियों वाली बस्ती में भीषण आग लग गई. देखते ही देखते आग ने तेजी से फैलकर 50 से ज्यादा झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया. दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घटना के बाद एक लड़की के लापता होने की भी खबर है, जिसकी तलाश की जा रही है.

एजेंसी के अनुसार, दिल्ली आग से 50 से ज्यादा झोपड़ियां जलकर राख हो गई हैं. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा इलाका धुएं और लपटों से घिर गया. दिल्ली फायर सर्विसेज को सुबह करीब 4:15 बजे आग लगने की सूचना मिली. सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं. अधिकारियों के मुताबिक, आग झुग्गियों वाले घने इलाके में लगी थी, जिसकी वजह से लपटें तेजी से फैलीं. आग पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 16 गाड़ियों को मौके पर तैनात किया गया.

Uttarpradesh

## मुखौटा लगाकर आया पति, गला रेतकर किया पत्नी का कत्ल

### प्रेमी पर गुलाल के साथ डाला तेजाब

**शाहजहाँपुर, (एजेंसी) शाहजहांपुर के चौक कोतवाली क्षेत्र की बालाजी नगर कॉलोनी में होली पर पति ने अपनी पत्नी का खून बहा दिया। लिव-इन-रिलेशन में प्रेमी के साथ रहने वाली 31 वर्षीय आरती की उसके पति ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी पति मुखौटा लगाकर पहुंचा और गेट खोलते ही महिला के प्रेमी पर गुलाल के साथ ही तेजाब फेंक दिया। फिर पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में प्रेमी बृजदीप की ओर से तहरीर दी गई है।**

आरसी मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी मनमोहन पांडेय से करीब दस साल पहले



आरती का विवाह हुआ था। दोनों की सात साल की एक बेटी भी है। दोनों के बीच अनबन होने के बाद अलग हो गए थे। तलाक के लिए न्यायालय में अर्जी भी दी थी। जहां से छह महीने का समय मिला था। आरती बृजदीप के अधीन डाटा फीडिंग कार्य करती थी।

खेल

# भारत के सामने होगी इंग्लैंड की चुनौती

**मुंबई, (एजेंसी) सेमीफाइनल के सफर तक बीच में लडखड़ाने वाली भारतीय टीम के सामने अब इंग्लैंड की चुनौती होगी। भारत को अब गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले टी20 विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजों की चुनौती का सामना करना होगा जिसमें दोनों टीम एक दूसरे पर अपनी श्रेष्ठ साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।**




### स्पिनरों के खिलाफ करना होगा सुधार

टूर्नामेंट की शुरुआत में प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय टीम प्रतियोगिता में मजबूत टीमों के खिलाफ एक भी मैच में शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। भले ही उसने ग्रुप चरण के अपने सभी मैच जीते लेकिन सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार से उसकी कमजोरियां भी सामने आ गई। इसके बाद हालांकि भारतीय टीम ने लचीला दृष्टिकोण अपनाया जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही।

भारत और इंग्लैंड लगातार तीसरी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 में भारत को करारी शिकस्त दी थी। भारत ने 2024 में गुयाना में इसका बदला चुकता कर दिया था। इंग्लैंड को वर्तमान टूर्नामेंट में हैरी ब्रूक और विल जैक्स ने मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला है, जबकि ऑलराउंडर सैम करन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। दोनों टीम एक दूसरे के खेल से अच्छी तरह परिचित हैं और ऐसा नहीं कहा जा सकता कि किसी टीम को कुछ विशेष फायदा मिलेगा।

सेमीफाइनल जिस पिच पर खेला जाएगा, उस पर अभी तक दो मैच खेले गए हैं। इनमें वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 196 रन का बचाव किया और इटली ने नेपाल को 123 रन पर आउट करने के बाद 10 विकेट से आसान जीत हासिल की थी।

सिनेमा

## दुबई में फंसी लारा दत्ता और उनकी बेटी, कहा-धमाकों की वजह से खिड़कियां हिलती हैं, दरवाजे खड़खड़ाते हैं



एक्ट्रेस लारा दत्ता अपनी बेटी सायरा साथ दुबई में फंस गई हैं। उन्होंने बताया कि वह एक ब्रांड प्रमोशन के लिए दुबई गई थीं और अब वहां से वापस नहीं आ पा रही हैं। लारा ने ये भी बताया कि यूएस-ईरान युद्ध के अचानक बढ़ने की वजह से वो स्ट्रेस में है और नर्वस फील कर रही हैं। इतना ही नहीं, लारा ने अपने साथ हुए डरावने अनुभव भी शेयर किए। लारा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, 'हम इस इजराइल-ईरान युद्ध की शुरुआत से ही दुबई में हैं। UAE, दुबई, पिछले तीन सालों से मेरा घर रहा है। मैंने यहां काफी समय बिताया है। मैं असल में 28 फरवरी को दुबई के एक स्टूडियो में शूटिंग कर रही थी। हमें धमाकों की आवाज सुनाई देने लगी, हम स्टूडियो से बाहर भागे और मिसाइलों को इंटरसेप्ट होते देखा। मैं झूठ नहीं बोल सकती, कुछ स्ट्रेस वाले दिन रहे हैं। मेरी बेटी मेरे साथ यहां है। मेरे पति काम के सिलसिले में बाहर थे। शुक्र है कि वह दुबई में नहीं थे।' एक्टर ने ऊपर से फाइटर जेट्स देखने और तेज धमाके सुनने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि हम नर्वस हैं। डरे हुए हैं। बहुत सारे फाइटर जेट्स ऊपर से उड़ रहे हैं। बहुत सारे तेज धमाके हो रहे हैं। हम सेफ विला में रहते हैं।

## Highlights

1. **Mumbai airport customs seize drugs worth ₹45 crore**
2. **Amit Shah to attend Nitin Nabin's nomination filing in Patna**
3. **PM Modi to speak at Kolkata rally on March 14, BJP confirms**
4. **GoPro linked to Pahalgam terror attack was activated in China: NIA**
5. **Stay indoors, avoid balconies: India in advisory for its citizens in Qatar**

# MacBook Neo marks Apple's bold return to affordable laptops

**NEW DELHI, (Agency).** The Apple MacBook Neo, not to be confused with a MacBook Air or MacBook Pro, marks the return of a truly affordable laptop to Apple Inc.'s portfolio.

At $599, or ₹69,900, onwards, the Apple Macbook Neo is very relevant for some markets, including India—the attempt is to compete with the troika of mid-range Windows 11 laptops, Google Chromebooks as well as some Android tablets with a keyboard slapped on. The approach straddles a blend of Apple's iPad and iPhone elements too, including a foundation provided by the A18 Pro chip that also powers the iPhone 16 Pro series.

Apple MacBook Neo: The specifications

The MacBook Neo, with a 13-inch screen, is available in two variants (differentiated between 256GB and 512GB storage), priced at ₹69,900 and ₹79,900 respectively. The A18 Pro chip is configured with a 6-core CPU including



2 performance cores and 4 efficiency cores, a 5-core GPU, and a 16-core Neural Engine for Apple Intelligence. The suite, along with the Siri voice assistant, is expected to receive significant updates in the coming weeks.

"We're incredibly excited to introduce MacBook Neo, which delivers the magic of the Mac at a breakthrough price," said John Ternus, Apple's senior vice president of Hardware Engineering. "There is simply no other laptop like it." There is an element of historical significance underlining the 2026 return of the MacBook Neo albeit with a modern naming scheme, as it takes forward a legacy of the original polycarbonate MacBook that was sold between 2006 and 2012, and the 12-inch MacBook with the Retina display, that was in the market from 2015 to 2019. The MacBook Neo also has a 13-inch Liquid Retina display with 2408 x 1506 resolution, 500 nits of brightness, and support for 1 billion colours, Apple confirms. The company also claims up to 16 hours battery life with the MacBook Neo, though true to Apple's style, capacity details haven't been specified.

# Morgan Stanley cuts 2,500 jobs amid record revenue but the reason is not AI

**NEW DELHI, (Agency).** Morgan Stanley has effected layoffs to cut about 3% of its workforce, or roughly 2,500 employees, despite a record year for revenue.

The job cuts were across the bank's three major divisions: investment banking and trading, wealth management, and investment management, but do not affect its financial advisors, WSJ reported. The Morgan Stanley layoffs are based on strategy and individual




performance, and the bank intends to add headcount in other areas.

As on 31 December 2025, Morgan Stanley had 82,992 employees.

The Morgan Stanley layoffs come against the backdrop of a record year for revenues the US-based investment bank. It also beat Wall Street estimates for fourth-quarter profit in January, fueled by a 47% jump in investment banking revenue as dealmaking surged and debt underwriting fees nearly doubled.

Banking executives had struck an optimistic tone for 2026 on the back of healthy pipelines for M&A deals as well as IPOs.

# एयरपोर्ट परिसर के पास झाड़ियों में भड़की आग, दमकल ने पाया काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर से सटी खाली जमीन पर बुधवार शाम अचानक आग भड़क उठी. सूखी झाड़ियों में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और आसपास के क्षेत्र में धुआं व लपटें दूर से दिखाई देने लगीं.



घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की. एयरपोर्ट थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और क्षेत्र की घेराबंदी कर स्थिति को नियंत्रित किया. प्राथमिक तौर पर आग झाड़ियों तक ही सीमित रही, जिससे एयरपोर्ट संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा. फायर ब्रिगेड के एसआई रूपचंद ने बताया कि काफी हद तक आग पर नियंत्रण पा लिया है. एयरपोर्ट परिसर के कर्मचारियों ने भी प्रारंभिक स्तर पर पानी डालकर आग बुझाने में सहयोग किया. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस व संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं.

# पुलिस ने किया पांच माह बाद चोरी का मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी के मामले में पांच महीने बाद प्रकरण दर्ज किया है. पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद से वह लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन केवल आवेदन लेकर जांच का आश्वासन दिया जाता रहा. वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद देर रात एफआईआर दर्ज की गई.मामला लोकनायक नगर का है, मांगलिया पंप के मैनेजर विजय राठौर के घर अक्टूबर माह में चोरी हुई थी. उनके अनुसार बदमाश घर से करीब 20 लाख रुपए के जेवरात ले गए. घटना के बाद वे तत्काल थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने आवेदन लेकर जांच का हवाला देते हुए मामला दर्ज नहीं किया.

विजय राठौर का कहना है कि बीते पांच महीनों में वे कई बार थाने पहुंचे, पर कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी. उनका आरोप है कि पुलिसकर्मी उन्हें जांच के नाम पर टालते रहे. उन्होंने यह भी दावा किया कि चोरी गए आभूषणों का वजन कम बताने की कोशिश की गई, जबकि वास्तविक नुकसान अधिक है. पीड़ित ने एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी भी पुलिस को दी थी. उसका मोबाइल करीब सत्रह दिन तक बंद रहा. पूछताछ में उसने रिचार्ज खत्म होने की बात कही, लेकिन पीड़ित का आरोप है कि इस दिशा में भी गंभीरता से जांच नहीं की गई. आखिरकार परिचितों की मदद से वरिष्ठ अधिकारियों तक मामला पहुंचा, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. फिलहाल पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक